
## खबर संक्षेप



### सिलेण्डर लोड ट्रक मकान के ऊपर पलटा, टला बड़ा हादसा

**ढीमरखेड़ा।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत रात्रि को पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम पंचायत जिर्री मैं एक कच्चे मकान के ऊपर सिलेंडर से भरा हुआ ट्रक पलट गया है जिससे बड़ी घटना हो सकती है और मकान क्षतिग्रस्त हो गया है जिसकी सूचना मिलते ही ढीमरखेड़ा पुलिस स्टाफ मौके पर पहुंचकर रात्रि 11:00 बजे सूचना प्राप्त हुई की एलपीजी सिलेंडर से भरा ट्रक अनियंत्रित होकर ग्राम जिर्री मे एक कच्चे मकान पर पलट गया है सूचना प्राप्त उपरांत तत्काल थाना प्रभारी स्टाफ एवं डायल 100 का स्टाफ मौके पर पहुंचकर देखा कि ट्रक पलटा हुआ है उसमें भारी मात्रा में एलपीजी सिलेंडर लोड है थे जो उक्त हादसे से बड़ी घटना घटित होने की संभावना को देखते हुए थाना प्रभारी एवं उनके स्टाफ द्वारा कड़ी मशक्कत के उपरांत लोड ट्रक से संपूर्ण सिलेंडर खाली कराये एवं घर पर गिरे हुए ट्रक को मशीनों की सहायता से सीधा कर बाहर निकाला गया जिससे कोई जनहानि नहीं हुई। कार्रवाई में थाना प्रभारी ढीमरखेड़ा एवं स्टाफ के सहयोग से बड़ी घटना को टाला गया।

### क्षेत्र का नाम रोशन करने वाली छात्राओं को किया सम्मानित



**ढीमरखेड़ा।** माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश द्वारा जारी हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूल के परीक्षा परिणामों में ढीमरखेड़ा क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने और क्षेत्र का नाम रोशन करने वाली छात्राओं को ढीमरखेड़ा थाना प्रभारी मोहम्मद शाहिद खान ने सम्मानित किया हैं। ढीमरखेड़ा तहसील की बनेहरी की छात्रा शिवानी पटेल ने कक्षा दसवीं में 500 में से 475 यानि 95% अंक हासिल किया। छात्रा शिवानी की मां दुर्गा पटेल ढीमरखेड़ा जनपद उपाध्यक्ष हैं जबकि पिता पारस पटेल समाजसेवी और किसान हैं। वही ढीमरखेड़ा की होनहार छात्रा वैष्णवी पटेल ने कक्षा दसवीं में 500 में से 431 यानि 86 % अंक अर्जित किया। वैष्णवी के पिता श्रीकांत पटेल जनपद सदस्य हैं जबकि मां प्रीति पटेल गृहिणी हैं। थाना प्रभारी ने दोनों छात्राओं को सम्मानित किया।

### युवक की थम गई सांसें

**कटनी।** ऊंचाई से नीचे गिरने की वजह से एक युवक की मौत हो गई। हादसा माधवनगर थाना क्षेत्र अमकुही में हुआ। बताया जाता है कि ग्राम जतवारा निवासी 35 वर्षीय गब्बर भुमिया की ऊंचाई से गिरने की वजह से मौत हो गई।

## जिला आपदा प्रबंधन की बैठक, संदिग्ध गतिविधियों वाले लोगों की कंट्रोल रूम में दें सूचना

# सतर्कता: स्टेशन, बस स्टैंड में होगी संदिग्धों की जांच, यातायात पुलिस करेगी वाहनों की चेकिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

संदिग्ध गतिविधि वाले लोगों पर नजर रखें और इनकी सूचना पुलिस को देवें। साथ ही सोशल मीडिया पर प्रसारित होने वाले संवेदनशील संदेशों को किसी को भी फॉरवर्ड न करें। अफवाहों से सावधान रहें। कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने यह बात शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में आयोजित जिला आपदा प्रबंधन की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कही।

कलेक्टर श्री यादव ने कहा कि जागरूकता ही आपदा प्रबंधन की सबसे बड़ी ताकत होती है। इसलिए विशेष संवेदनशील परिस्थिति के मद्देनजर समाज के सभी वर्गों को सावधान, सजग और सतर्क रहने की जरूरत है।

बैठक में विधायक मुड़वारा संदीप जायसवाल, महापौर प्रीति सूरी, जिला पंचायत अध्यक्ष सुनीता मेहरा, पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन, वनमंडलाधिकारी गौरव शर्मा, ओएफके फैक्ट्री के कर्नल मोहित गोस्वामी एवं एरिया मैनेजर रेलवे रोहित सिंह, जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत, अपर कलेक्टर साधना परस्ते, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहेरिया सहित सभी विभागों के जिला प्रमुख मौजूद रहे।



इसके अलावा बैठक में इंडसट्रियल एसोशिएशन, पेट्रोल पंप एसोशिएशन, गैस एजेंसी एसोशियन तथा प्राइवेट अस्पतालों के प्रबंधक और संचालक, डॉक्टर्स तथा व्यापारी संगठनों एवं स्वयंसेवी संगठनों व संस्थाओं के पदाधिकारी मौजूद रहे।

### प्रशासन के साथ करें सहयोग

बैठक में विधायक संदीप जायसवाल ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुये हम सब को नागरिक कर्तव्यों का निर्वहन करते हुये सभी को सजग रहने की जरूरत है। साथ ही शासन और प्रशासन द्वारा समय-समय पर दिये जाने वाले निर्देशों का पालन और सहयोग करना होगा। महापौर प्रीति सूरी ने कहा कि संवेदनशील संस्थानों की सुरक्षा से संबंधित व्यवस्थाओं और इंतजामों को पुख्ता करने की जरूरत है।

### संदिग्ध व्यक्तियों की दें जानकारी

कलेक्टर श्री यादव ने कहा कि सभी निजी और शासकीय अस्पतालों के छत पर रेड क्रॉस का प्रतीक चिन्ह बनवां लें। इसके अलावा निजी व सरकारी अस्पतालों में ऑक्सीजन, ब्लड बैंक और उपलब्ध एंबुलेंस की लिस्टिंग सुनिश्चित करें।

कलेक्टर ने रेलवे के एरिया मैनेजर को निर्देशित किया कि वे रेलवे स्टेशन में आवाजाही करने वाले संदिग्ध लोगों की सघन जांच-पड़ताल करायें।

### चलेगा सघन जांच अभियान

पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन ने कहा कि नागरिक सुरक्षा और जिले में उपलब्ध महत्वपूर्ण संस्थाओं और संरचनाओं की सुरक्षा के प्रति हमें सावधान रहना होगा। इसके लिए पुलिस के साथ-साथ नगर निगम, एनसीसी, एनजीओ, एसडीआरएफ, अग्नि शमन और सिविल सोसायटी के सदस्यों को सहभागिता निभानी होगी। उन्होंने व्यापारिक संगठनों और अस्पताल प्रबंधकों से कहा कि उनके यहां कार्यरत कर्मचारियों और सेक्योरिटी से जुड़े लोगों का अच्छे से सत्यापन करा लें। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि रेलवे और पेट्रोल पंपों में भी संदिग्ध लोगों पर निगाह रखनी होगी। बड़े व्यापारिक संस्थानों, भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों, मॉल व सिनेमा हॉल में सीसीटीवी कैमरा इंस्टॉल करा लें और जो बिगड़े सीसीटीव्ही हों उन्हें दुरूस्त करा लें। उन्होंने बैठक में अवगत कराया कि सुरक्षा के नजरिये से ट्राफिक पुलिस द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने इस कार्य में सभी से सहयोग की अपेक्षा की। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि मोबाइल फोन से कोई भी क्रिटिकल जानकारी शेयर न करें। पुलिस अधीक्षक ने खनिज उत्खनन कार्य से जुड़े लोगों के पास उपलब्ध मैग्जीन और पटाखों से संबंधित मानक सुरक्षा नियमों का सख्ती से पालन करने का आग्रह किया।

### कंट्रोल रूम को दे सूचना

कलेक्टर ने कहा कि किसी भी प्रकार के संदिग्ध नजर आने वाले व्यक्ति या गतिविधियों की सूचना पुलिस कंट्रोल रूम के दूरभाष नंबर 7587615946 और कलेक्ट्रेट स्थित कंट्रोल रूम के दूरभाष नंबर 07622-220071 और 07622-220072 पर अवश्य देवें।

### धीमी प्रगति पर एपीओ एवं उपयंत्रियों को नोटिस जारी

**कटनी।** जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत ने जल गंगा संवर्धन अभियान एवं मनरेगा योजना में कमजोर प्रगति वाली जनपद पंचायत के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किये है। श्री गेमावत ने जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी धर्मेन्द्र पटैल, उपयंत्री मनीष हल्दकार, अनिल जाटव, सुमित साहू, ओपी गुप्ता , जनपद पंचायत कटनी के उपयंत्री त्रिभुवन सिंह , मुकेश चक्रवर्ती जनपद पंचायत बड़वारा के डीएस बघेल , विनय सिंह गहरवार पूजा नागर, जनपद पंचायत बहोरीबंद के सुशील साहू एवं आरती पाल को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किये हैं। सीईओ श्री गेमावत ने सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिरियों को निर्देश दिये है कि जिन अधिकारी एवं कर्मचारी को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किये गये है इनके सेक्टर की ग्राम पंचायतों को निरंतर समीक्षा करें एवं एक सप्ताह में जल गंगा संवर्धन अभियान एवं मनरेगा योजना में प्रगति नहीं लाने पर संबंधितों के विरूद्ध कार्यवाही करने के प्रस्ताव भेजे जावें।

इस साल की दूसरी नेशनल लोक अदालत का आज

## प्रकरणों के निराकरण हेतु जिले में किया गया 29 खण्डपीठों का गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जितेन्द्र कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में जिले के समस्त न्यायालयों एवं अन्य विभागों में इस वर्ष की दूसरी नेशनल लोक अदालत का आयोजन 10 मई को आयोजन किया जा रहा है। लोक अदालत में आपराधिक, सिविल, विद्युत अधिनियम, श्रम विवाद के प्रकरण, मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण, निगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट के अंतर्गत चौक बाउन्स प्रकरण, पारिवारिक विवादों के प्रकरण, भू-अर्जन मामले, सेवा संबंधी मामले, राजस्व मामले एवं अन्य सिविल मामलों का आपसी समझौते के आधार पर राजीनामा योग्य प्रकरणों एवं प्री-लिटिगेशन प्रकरणों का भी निराकरण किया जावेगा।

नेशनल लोक अदालत में प्रकरणों के निराकरण हेतु जिला न्यायालय एवं समस्त तहसील सिविल न्यायालयों में कुल 29 खण्डपीठों का गठन किया गया है। इसके अतिरिक्त उपभोक्ता फोरम, राजस्व न्यायालयों में भी लंबित राजस्व प्रकरणों के निराकरण हेतु विभिन्न खण्डपीठों का गठन किया गया है। नेशनल लोक अदालत में समस्त न्यायालयों में लंबित प्रकरणों में से लगभग 5179 प्रकरणों को आपसी समझौते से निराकरण हेतु रखा गया है। साथ ही बैंक रिकवरी केस, विद्युत बिल, वाटर बिल से संबंधित लगभग 6500 प्री-लिटिगेशन प्रकरणों को भी आपसी समझौते के लिये रेफर किया गया है।

### समझौत से निराकरण

व्यवहार न्यायाधीश सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुमित शर्मा ने पक्षकारों से अपील की है कि जिन लोगो के मामले न्यायालय में चल रहे है, वे संबंधित न्यायालयों में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता से संपर्क स्थापित कर राजीनामा योग्य प्रकरणों में समझौते के आधार पर प्रकरण का निराकरण करवा सकते हैं। साथ ही छोटे-मोटे आपसी विवाद वाले मामले एवं प्री-लिटिगेशन प्रकरण जो न्यायालय तक अभी नहीं पहुंच पाये हैं, ऐसे व्यक्ति भी संबंधित विभाग या न्यायालय में प्री-लिटिगेशन के माध्यम से प्रकरण का निराकरण करा कर लोक अदालत का लाभ उठा सकते है।

## कन्या छात्रावास में विधिक जागरूकता शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जितेन्द्र कुमार शर्मा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में शुक्रवार को सायं 4 बजे शासकीय अनुसूचित जाति जनजाति महाविद्यालय कन्या छात्रावास बरगवां में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित हुआ। इस शिविर में सुमित शर्मा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने बच्चों को मैत्रीपूर्ण विधिक सेवाएं, बच्चों के अधिकारों और उनके संरक्षण की योजना के बारे में बताया। साथ ही इस योजना के तहत बच्चों को मुफ्त कानूनी सहायता, बाल अधिकारों, और शोषण से बचाव के लिए जानकारी प्रदान की।



शिविर में हर्षित बिसेन जिला विधिक सहायता अधिकारी के द्वारा निःशुल्क विधिक सहायता नालसा टोल फ्री नम्बर 15100 एवं सालसा और नालसा द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में अवगत कराया।

## पांच स्थलों में आयोजित होगी नेशनल लोक अदालत, अधिभार में मिलेगी छूट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

नेशनल लोक अदालत का आयोजन नगर निगम द्वारा आज 10 मई शनिवार को नगर के विभिन्न पांच स्थलों नगर निगम कार्यालय, सुभाष चौक, दुर्गा चौक खिरहनी, माधवनगर उप कार्यालय तथा बस स्टेंड में किया जा रहा है।

महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी, निगमायुक्त नीलेश दुबे नें लोक अदालत के दौरान नागरिकों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े इस हेतु समस्त आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्ण करनें के निर्देश प्रदान कर निगम करदाताओं से अधिक से अधिक संख्या में नेशनल लोक अदालत में मिलनें वाली छूट का लाभ प्राप्त प्राप्त करने की अपील की है।

राजस्व अधिकारी नगर निगम जागेश्वर प्रसाद पाठक नें बताया कि नेशनल लोक अदालत में करदाताओं को विगत वित्तीय वर्ष 2024-25 तक की बकाया राशि, अधिभार पर शासन नियमानुसार छूट प्रदान की जावेगी। लोक अदालत में सम्पत्तिकर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि 50 हजार रुपये तक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 100 प्रतिशत तक की छूट, 50 हजार रुपये से अधिक तथा 1 लाख रुपये तक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 50 प्रतिशत तक की छूट, 1 लाख रुपये से अधिक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 25 प्रतिशत तक की छूट दी जायेगी।

जलकर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि 10 हजार रुपये तक बकाया होने पर 100 प्रतिशत की छूट, राशि 10 हजार रुपये से अधिक तथा 50 हजार रुपये से कम बकाया होने पर मात्र अधिभार में 75 प्रतिशत की छूट, राशि 50 हजार रुपये से अधिक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 50 प्रतिशत की छूट प्रदान की जायेगी। उन्होंने बताया कि यह छूट मात्र एक बार ही दी जायेगी, छूट उपरांत राशि अधिकतम दो किस्तों में जमा कराई जाएगी, जिसमें से कम से कम 50 प्रतिशत राशि लोक अदालत के दिन जमा कराई जाएगी, शेष राशि अधिकतम एक माह में जमा कराना अनिवार्य होगा।

स्वीकृत कार्य समय सीमा में गुणवत्ता के साथ करें पूर्ण

## मनरेगा योजना के तहत 1298 खेत तालाब स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देशों एवं मार्गदर्शन में जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान का क्रियान्वयन किया जा रहा है। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत मनरेगा योजनान्तर्गत 1298 खेत तालाब स्वीकृत किये गये हैं। इसी प्रकार कपिलधारा कूप रिचार्ज पिट के 1213 कार्य स्वीकृत हुये हैं।

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी शिशिर गेमावत ने बताया कि जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान का क्रियान्वयन किया जा रहा है। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत मनरेगा योजनान्तर्गत 1298 खेत तालाब स्वीकृत किये गये हैं। जिसमें जनपद पंचायत बड़वारा में 174, जनपद पंचायत बहोरीबंद में 352, जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा में 199, जनपद पंचायत कटनी में 115, जनपद पंचायत रीठी में 224 एवं जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ में 234 कार्य स्वीकृत कर कार्य प्रारम्भ किये गये हैं।



श्री गेमावत ने बताया कि इसी प्रकार जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कपिलधारा रिचार्ज पिट के 1213 कार्य जोकि जनपद पंचायत बड़वारा में 342, जनपद पंचायत बहोरीबंद में 180, जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा में 53, जनपद पंचायत कटनी में 152, जनपद पंचायत रीठी 293 एवं जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ में 193 कार्य स्वीकृत कर कार्य प्रारम्भ किये गये हैं। मुख्य कार्यपालन अधिकारी शिशिर गेमावत ने सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देश दिये है कि स्वीकृत किये गये कार्य समयसीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण किये जायें।



## खबर संक्षेप

### निः शुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन 14 को

**कटनी।** राष्ट्रीय आयुष मिशन के निर्देशानुसार जिले में स्थित 18 आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) खरखरी, खितौली, गणेशपुर, भुड़सा, देवराकला, कारीतलाई, गैरतलाई, चरगवां, खम्हरिया, देवगांव, रैपुरा, भैंसवाही, गुरजीकला, पिपरौंध, कुठिया मेहगवां, बरन मेहगवां मुरवारी एवं कछगवा जोबा में स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) परिसर में निर्धारित थीम 'सामान्य नेत्र और ईएनटी समस्याओं के लिये देखभाल अतंर्गत 14 मई को प्रातः 9 बजे से शाम 5 बजे तक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जायेगा। शिविर में नेत्र संबंधित एवं नाक, कान, गला से संबंधित रोगों की पहचान, रोकथाम, नियंत्रण एवं प्रबंधन व स्वास्थ्य संबंधी देखभाल एवं आहार-विहार, दिनचर्या, योगाभ्यास आदि एवं अन्य बीमारियों जैसे- आमवात या संधिवात, मधुमेह, उच्चरक्तचाप आदि रोगों का निःशुल्क इलाज एवं औषधि वितरित की जावेगी। साथ ही मधुमेह एवं उच्चरक्तचाप की जांच की जावेगी। जिला आयुष अधिकारी ने ग्रामीण जनों से आग्रह करते हुए कहा कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर शिविर का लाभ उठाये।

### प्लेसमेन्ट ड्राइव का आयोजन 16 मई को

**कटनी।** जिला रोजगार कार्यालय कलेक्ट्रेट कटनी के कमरा नं. 125 में शुक्रवार 16 मई को सुबह 11 बजे प्लेसमेन्ट ड्राइव का आयोजन किया जा रहा है। इस प्ले0समेंट ड्राइव मे फ्रीडम एम्लॉतकी यबिलिटी एकेडमी एवं एसआईएस सेक्यूरिटी अनूपपुर के द्वारा साक्षात्कार रखा गया है। जिला रोजगार अधिकारी डी. के. पासी ने बताया कि प्लेमसमेंट ड्राइव मे 18 से 45 वर्ष के इच्छुक बेरोजगार युवा जो स्नातक से स्नाकोत्तर पास (कम्प्यूटर कोर्स एवं अंगेजी का ज्ञान) हो, साक्षात्कार में उपस्थित हो सकते हैं। साक्षात्कार हेतु अंकसूची, आधार कार्ड, 02 फोटो, पेनकार्ड एवं बायोडाटा साथ लेकर उपस्थित होवें। प्लेूसमेंट ड्राइव के माध्य म से चयनित उम्मीकदवारों को 14 हजार 500 रूपये मासिक वेतन दिया जायेगा एवं इसमें विकासखंड कटनी के अन्तर्गत कार्य करना होगा।

### आदतन अपराधी को हर माह थाना में उपस्थित होने के दिए निर्देश

**कटनी।** कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने दफाई खलवारा बाजार कैमोर थाना निवासी मोहम्मिद इबरार उर्फ इब्बू पिता मोहम्म द सलाम उम्र 26 वर्ष के विरूद्ध मध्य9प्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए आगामी 3 माह की अवधि तक प्रतिमाह की 1 से 16 तारीख को पुलिस थाना कैमोर में उपस्थिति दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टतर श्री यादव ने 26 वर्षीय मोहम्मद इबरार उर्फ इब्बू के विरूद्ध मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्यवाही पुलिस अधीक्षक से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर की है। मोहम्मदद इबरार के विरूद्ध जुआं खेलने और एससी एसटी एक्ट सहित कई अन्यआ अपराध जैसे डकैती एवं हत्याध के मामले पंजीबद्ध है और विभिन्नर न्याआयालयों में प्रकरण प्रचलित है। इसलिए आदतन अपराधी मोहम्म द इबरार के प्रवृत्ति पर नियंत्रण लगाने के लिए मध्यपप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कलेक्ट र एवं जिला दंडाधिकारी द्वारा कार्रवाई करते हुए आगामी 3 माह तक हर माह पुलिस थाना कैमोर में उपस्थिति दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं।

### नल कनेक्शन की टोटियों को सुधार

**कटनी।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नगर पालिक निगम द्वारा विभिन्न जन जागरूकता गतिविधियों का आयोजन कर नागरिकों को जल संरक्षण एवं संवर्धन का संदेश दिया जा रहा है। प्रभारी कार्यपालन यंत्री सुधीर मिश्रा एवं उपयंत्री मृदुल श्रीवास्तव द्वारा पानी के अपव्यय को रोकने एवं जल संरक्षण को दृष्टिगत रखते हुए नगर की पेयजल सप्लाई की पाइप लाइनों के लीकेज का सुधार कार्य सहित टपकते पानी वाले नलों की मरम्मत एवं सार्वजनिक नलों की क्षतिग्रस्त टोटियों के बदलकर लोगों से जल अपव्यय को रोकने प्रेरित किया।

## पीएम आवास योजना अंतर्गत बी.एल.सी घटक के 214 हितग्राहियों की सूची का हुआ अनुमोदन

# एमआईसी की बैठक में नगर विकास के महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर हुआ निर्णय

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी की अध्यक्षता में शुक्रवार को आयोजित मेयर इन काउंसिल की बैठक में नगर विकास एवं नागरिकों की आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए प्रस्तुत महत्वपूर्ण प्रस्ताव पर विचार विमर्श किया जाकर सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक का शुरूआत राष्ट्रगीत के साथ की गई। बैठक के दौरान निगम आयुक्त नीलेश दुबे, मेयर इन काउंसिल सदस्य सुभाष साहू शिब्बू, अवकाश जायसवाल, एडवोकेट सुरेन्द्र गुप्ता, गोविंद चावला, जयनारायण निषाद, श्रीमती बीना संजू बैनर्जी, सुमन राजू माखीजा, तुलसा गुलाब बेन सहित अधिकारी मौजूद रहे।

बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के बी.एल.सी घटक के 214 हितग्राहियों की सूची के अनुमोदन संबंधी प्रस्ताव के संबंध में आयुक्त नीलेश दुबे द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के नवीन प्रावधानों एवं कुल प्राप्त आवेदनों की जानकारी से अवगत कराते हुए कहा गया कि योजना के संबंध में शासन से प्राप्त निर्देशों के परिपालन में 30 अप्रैल तक ऑनलाइन वेब पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों के पात्रता परीक्षण एवं भौतिक सत्यापन हेतु नगर निगम एवं राजस्व विभाग का संयुक्त सर्वेक्षण हेतु 5 दल गठित किये गए है। भौतिक सत्यापन उपरांत कुल 214 आवेदन पात्र पाए गए है। जिनके संबंध में निर्धारित समयावधि में किसी भी प्रकार की दावा आपत्ति प्राप्त नहीं हुई है।

प्रस्ताव के संबंध में महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं सदस्यों द्वारा प्रस्ताव पर विस्तार से चर्चा की जाकर शासन की इस महत्वपूर्ण योजना का लाभ तय समय सीमा में अधिक से अधिक पात्र नागरिकों को प्रदान करने के आवश्यक निर्देश दिए जाकर सर्वसम्मति से प्रस्ताव पर निर्णय लिया गया। वहीं प्रधानमंत्री आवास योजनान्तर्गत ए.एच.पी घटक के प्रथम चरण के तहत बिलहरी मोड़ झिंझरी में अपूर्ण एलआई एवं एम.आई.जी आवास के विक्रय के संबध में प्रस्तुत प्रस्ताव पर विस्तार से चर्चा उपरांत निविदा समिति की अनुशंसा अनुसार निविदाकार की दर की स्वीकृति सर्वसम्मति से प्रदान की जाकर नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश कार्यपालन यंत्री को दिए जाकर प्रस्ताव पर निर्णय लिया गया।

बैठक में अमृत 2.0 अंतर्गत सीवरेज प्रोजेक्ट कार्य हेतु प्राप्त दरों की स्वीकृति के संबंध में प्रस्तुत प्रस्ताव के संबंध में विभागीय अधिकारी द्वारा बताया गया कि उक्त कार्य हेतु जारी निविदा में 3 निविदाकारों ने भाग लिया है। फाइनेंशियल बिड खोले जाने के उपरांत प्राप्त न्यूनतम दर के संबध में निविदा समिति की अनुशंसा एवं संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास की राज्य तकनीकी समिति की बैठक के अनुमोदन अनुसार अमृत 2.0 सीवरेज प्रोजेक्ट कार्य करने हेतु निविदाकार व्रिज कंस्ट्रक्शन की न्यूनतम दर राशि की स्वीकृति प्रदान करने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। इसके अतिरिक्त नगर के वीर सावरकर वार्ड स्थित पुरानी बसाहट की चौधरी, रैदास, अहिरवार समाज के श्रमजीवी एवं सनातन धर्म के महान संत शिरोमणि रविदास जी के अनुयायी नागरिक बंधुओं की बस्ती का नामकरण संत रविदास नगर किये जाने संबंधी प्रस्ताव की अनुशंसा की जाकर स्वीकृति हेतु निगम परिषद में रखे जाने का निर्णय लिया गया। कर्मचारियों की नवनियुक्तियों संबंधी प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। बैठक के दौरान वर्षा ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए नगर के बड़े नालों की सफाई का कार्य ठेके पर कराये जाने तथा निकाय में कटनी 311 मेयर सेवा एप्प व्यवस्था लागू किये जाने संबंधी प्रस्ताव पर भी चर्चा की जाकर सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई।



# आर्डिनेंस फैक्ट्री में सुरक्षा का एसपी ने लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

**मुस्तैदी के साथ सख्त पहरा लगाये जाने के दिये निर्देश**

पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन ने ऑर्डिनेंस फैक्ट्री में भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। फैक्ट्री में सुरक्षा के लिए तैनात कर्मचारियों से चर्चा करते हुए एसपी श्रीरंजन ने विशेष सतर्कता बनाए रखते हुए हर गतिविधि पर पैनी नजर रखने के निर्देश दिए।

गौरतलब है कि कटनी में मौजूद ऑर्डिनेंस फैक्ट्री भारतीय सेवा के लिए बेहद महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील है। यहां की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस के साथ-साथ सेना भी विशेष निगाह रखती है। वर्तमान में चल रहे भारत-पाकिस्तान के बीच तनावपूर्ण माहौल को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन ने फैक्ट्री की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए आवश्यक सुधार के लिए निर्देश दिए। वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए उन्होंने फैक्ट्री की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मुस्तैद रखना और कड़ा पहरा लगाए जाने के कहा।

फैक्ट्री के अंदर तैनात सुरक्षा कर्मियों के अलावा फैक्ट्री की निगरानी पुलिस के द्वारा भी की जाएगी। भ्रमण के दौरान एसपी श्रीरंजन के साथ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ संतोष डेहरिया, नगर पुलिस अधीक्षक ख्याति मिश्रा, माधव नगर थाना प्रभारी अभिषेक चौबे सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

**मुखबिर की सूचना पर बरही पुलिस ने की कार्रवाई, ट्रक जब्त**

# ट्रक में अवैध रूप से हो रहा था जानवरों का परिवहन, 250 बकरा-बकरी जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



बरही पुलिस ने अवैध रूप से पशु परिवहन करते हुए एक ट्रक को जब्त किया है। थाना प्रभारी शैलेन्द्र सिंह यादव ने बताया कि मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि छिदिया टोला क्षेत्र से ट्रक क्रमांक MH 31 FZ 8433 में अवैध रूप से बकरा-बकरी भरकर नागपुर ले जाया जा रहा है। इस सूचना की तस्दीक हेतु पुलिस टीम तत्काल रवाना हुई और बरही-खितौली रोड स्थित रेलवे पुलिया के पास ट्रक को रोककर तलाशी ली। ट्रक की जांच करने पर उसमें 160 बकरा और 90 बकरी, कुल 250 जानवरों को बेहद क्रूरता पूर्वक, बिना पर्याप्त हवा, पानी और भोजन के ठूंस-ठूंस कर भरा गया था। मौके पर ट्रक चालक राजकुमार सिंह पटेल, निवासी कुलगढी, थाना नागौद, जिला सतना, के साथ दो अन्य व्यक्ति दिनेश खटीक (बरही) और मोहम्मद रहीस (बरही) भी मौजूद थे। इन सभी से परिवहन से संबंधित दस्तावेज मांगे गए, परंतु वे कोई वैध कागजात प्रस्तुत नहीं कर सके।

प्रथम दृष्टया मामला पशु क्रूरता अधिनियम 1960 की धारा 11(घ) एवं मोटर व्हीकल अधिनियम की धारा 66/192(ए) के अंतर्गत अपराध पाए जाने पर पुलिस ने मौके पर ही ट्रक को जब्त कर लिया और आरोपियों को हिरासत में लेकर थाना बरही लाया गया। बरामद जानवरों की कुल अनुमानित कीमत करीब 7 लाख रुपये आंकी गई है। पुलिस ने ट्रक को थाना परिसर में सुरक्षात्मक रूप से खड़ा कर दिया है और सभी आरोपियों के विरुद्ध विधिवत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ कर दी है। यह कार्यवाही न केवल पशुओं के प्रति क्रूरता को रोकने की दिशा में एक अहम कदम है, बल्कि अवैध व्यापार पर सख्त संदेश भी है।

कार्रवाई में थाना प्रभारी बरही शैलेन्द्र सिंह यादव के साथ उपनिरीक्षक विनोद कांत सिंह और आरक्षक विवेक यादव की विशेष भूमिका रही, जिन्होंने त्वरित और कदम उठाकर एक बड़ी तस्करी को रोकने में सफलता प्राप्त की।

## भू जल स्तर बढ़ाने भागीदार के लिए किया प्रेरित



जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत गांव-गांव जाकर जल संरचनाओं की साफ-सफाई, संगोष्ठी, दीवार लेखन व रैली के माध्यम से जल संरक्षण हेतु जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी श्रृंखला में सेक्टर क्रमांक 2 भुड़सा के भजिया ग्राम में शुक्रवार को जन अभियान परिषद के द्वारा ब्लॉक समन्वयक एवं सेक्टर अंतर्गत मेंटर्स धनीराम कुशवाहा के समन्वय से ग्राम वासियों के साथ जल संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें उन्होंने जल गंगा संवर्धन के अभियान के अंतर्गत जन अभियान परिषद के द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी विस्तार से दी एवं प्राकृतिक जल स्रोतों के रखरखाव, गहरीकरण के लिए शासन द्वारा चलाए जा रहे अभियान में जन भागीदारी के लिए सभी को सहयोग देने हेतु प्रेरित किया। ताकि अधिकतम वर्षा जल संचित हो सके और भू-जल स्तर बढ़ सके। इससे प्रेरित होकर ग्राम वासियों ने एक जुट होकर जन भागीदारी और श्रमदान से स्थानीय तालाब के संरक्षण हेतु अपनी सहमति प्रदान की और कार्य योजना तैयार की गई।

# पर्यवेक्षक कार्यकर्ताओं ने अपनी मांगों को लेकर राजधानी में किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



भोपाल में बुधवार को मध्य प्रदेश आशा/आशा सहयोगिनी श्रमिक संघ के नेतृत्व में आशा, उषा और पर्यवेक्षक कार्यकर्ताओं ने अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। लेकिन इस शांतिपूर्ण प्रदर्शन को प्रशासन ने कड़े और दमनात्मक तरीके से रोक दिया। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रही संघ की प्रदेशाध्यक्ष श्रीमती लक्ष्मी कौरव ने इस कार्रवाई की कड़ी निंदा की है।

श्रीमती कौरव ने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा घोषित 1000 की वार्षिक वेतन वृद्धि को लागू करने की मांग की जा रही थी, लेकिन सरकार और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (NHM) द्वारा उपभोक्ता मूल्य सूचकांक को आधार बनाकर वास्तविक मांग को दबाने का प्रयास किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक का प्रावधान शासकीय कर्मचारियों पर लागू होता है, जबकि आशा-उषा कार्यकर्ताओं को सामाजिक कार्यकर्ता कहकर लगातार कार्य कराया जाता है लेकिन शासकीय सुविधाओं से वंचित रखा जाता है। न उन्हें सरकारी अवकाश प्राप्त है, न वे अन्य सरकारी लाभों के पात्र हैं। प्रदेशाध्यक्ष लक्ष्मी कौरव ने मीडिया के माध्यम से मुख्यमंत्री मोहन यादव से अपील की है कि वे उन्हीं की भाजपा सरकार की पूर्व घोषणा के अनुरूप आशा-उषा एवं पर्यवेक्षकों को 1000 की वार्षिक वृद्धि तत्काल प्रभाव से प्रदान करें।

उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि NHM द्वारा प्रदर्शन पर पुलिस कार्रवाई करवाई गई, जो न केवल अमानवीय है, बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों का भी उल्लंघन है।

**जल गंगा अभियान के तहत जल संरक्षण के किये जा रहे प्रयास**

# ग्रामीणों ने किया श्रमदान व संगोष्ठी का आयोजन कर किया गया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी




विकासखंड रीठी के देवगांव में शुक्रवार को ग्राम खम्हरिया नं.1 में नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति कुदरी व ग्राम पंचायत खम्हरिया के द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जल गंगा सवंर्धन अभियान जो कि 30 जून तक संचालित होगा। यह अभियान जन-जन के जीवन से जुड़ा महत्वपूर्ण अभियान है। अभियान के अंतर्गत जहां एक ओर नये तालाब बनाये जायेंगे, वहीं दूसरी ओर पुराने तालाबों, बावड़ियों और कुंओं का जीर्णोद्धार किया जा रहा है। साथ ही वृक्षारोपण भी किया जा रहा है। नदियों को साफ-स्वच्छ एवं जल एकत्रित करने के लिए भी कार्य किए जा रहे हैं।

वहीं अरविंद शाह द्वारा ग्रामीणों को बताया गया कि इस अभियान में कुआं, तालाब, नाला की सफाई व हैंडपंप के पास सोख्ता निर्माण करने के लिए प्रेरित किया गया। इस अभियान के अंतर्गत साफ-सफाई भी की जा रही है। इसके अलावा क्षेत्र में भूमिगत जल स्तर बढ़ाने हेतु तालाब निर्माण के साथ ही तालाबों और कुओं के गहरीकरण के कार्य किए जा रहे है, जिससे वर्षा के दौरान जल संग्रहण हो सकेगा एवं भूमिगत जल स्तर में भी वृद्धि होगी। इसके साथ ही नाला गहरीकरण, विस्तारीकरण, चेकडैम निर्माण तथा पुराने सोकपिट में रेट्रोफिटिंग कार्य संचालित है। बरसात के पानी का संरक्षण वर्तमान समय की आवश्यकता है यह भू-जल स्तर वृद्धि में सहायक सिद्ध होगा। जिसमे शासन के साथ मिलकर जनसहयोग किया जा रहा है व लोगों को इस अभियान में जुड़कर सहभागिता करने हेतु प्रेरित किया जा रहा है।

इसी क्रम में शुक्रवार को खम्हरिया नं.1 के हनुमान मंदिर स्थित सार्वजनिक तालाब के घाट की सफाई व तालाब गहरीकरण में श्रमदान किया गया एवं कार्यक्रम के पश्चात मंदिर परिसर में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम में स्थित जलस्त्रोतों को संरक्षित करने के लिए कार्ययोजना तैयार की गई व जल के संरक्षण के लिए सभी को शपथ दिलाई गई।

इस दौरान ग्राम के सरपंच धनीराम यादव व पूर्व सरपंच गजराज यादव, अर्जुन यादव, प्रहलाद यादव, रामसेवक यादव, सतीश यादव, खुशीराम यादव, राकेश यादव आदि मौजूद रहे।

## ग्रीष्मकालीन मूंग में खरपतवार नाशकों के उपयोग को करें हतोत्साहित

# किसानों को पर्यावरण अनुकूल पद्धतियों को अपनाने किया जा रहा प्रोत्साहित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



हरित क्रांति से हमारे देश ने खाद्यान्न उत्पादन में आत्म-निर्भरता हासिल कर ली है। आज मध्यप्रदेश देश की खाद्य सुरक्षा को सशक्त करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। अनाज के साथ-साथ दलहन के शीर्ष तीन उत्पादक राज्यों में मध्यप्रदेश एक है। यहाँ के किसान न केवल अनाज, बल्कि तिलहन और दलहन का उन्नत उत्पादन करते हैं। माइक्रो इरिगेशन, सुनिश्चित आवश्यक बिजली प्रदाय और सुलभ ऋण तक बेहतर पहुंच के कारण उच्च मूल्य वाली उद्यानिकी फसलों की खेती से किसानों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। हम समय के साथ नवीन समस्याओं का भी उदय देख रहे हैं, जिनका समाधान किया जाना भी आवश्यक है।

जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वाविद्यालय, जबलपुर एवं राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय ग्वालियर वाईस चांसलर रहे प्रो. (डॉ.) विजय सिंह तोमर का कहना है कि किसान वर्तमान में ग्रीष्मकालीन मूंग की खेती बड़े स्तर पर कर रहे हैं। जो 10 साल पहले तक, बड़े पैमाने पर खरीफ में की जाती थी और यह पर्यावरण के लिए अनुकूल थी। इसकी खेती वर्षा आधारित परिस्थितियों में की जाती थी। मूंग के पौधों की जड़ों में नाइट्रोजन फिक्सिंग बैक्टीरिया की मौजूदगी होने से यह फसल मिट्टी की उर्वरता को भी बढ़ाती है। आज मूंग की खेती का क्षेत्रफल तीन गुना से भी अधिक बढ़ गया है, लेकिन यह फसल गर्मियों में उगाई जाने लगी है, इसलिए इससे भू-जल स्तर का अत्यधिक दोहन लगातार हो रहा है। किसान मूंग की बोनी जल्द करने के लिए फसलों के अवशेषों को जलाने पर जोर देते हैं, जिसके दुष्परिणाम सामने आते हैं। इसके अलावा गर्मी के मौसम में मूंग की अतिरिक्त सिंचाई से बिजली की खपत में भी वृद्धि होती है। राज्य सरकार ने नरवाई जलाने पर प्रतिबंध लगाया है। किसार्नी को नरवाई के सही उपयोग के लिये प्रशिक्षित किया जायेगा।

किसानों द्वारा ग्रीष्मकालीन मूंग को जल्दी सुखाने के लिए खरपतवार नाशक पैराक्वेट एवं ग्लाइफोसेट का उपयोग किया जा रहा है, इससे फसल जल्दी पक जाती है। इसका दुष्प्रभाव वातावरण के साथ ही उत्पादित मूंग का सेवन करने वाले आमजन पर भी होता है। इससे विभिन्न प्रकार की बीमारियों के बढ़ने की संभावना होती है।

लगातार खरपतवार नाशकों का उपयोग मिट्टी में उपयोगी सूक्ष्म जीवों को नष्ट कर देता है, जिससे मिट्टी की प्राकृतिक उर्वरता घटती है. साथ ही ग्रीष्मकालीन मूंग में कम से कम 3-4 बार सिंचाई करना पड़ती है। इससे भूमि का जल स्तर निरंतर नीचे जा रहा है। किसानों को खेती के लिए अधिक टिकाऊ और पर्यावरण अनुकूल पद्धतियों को अपनाने की आवश्यकता के बारे में जागरूक किया जा रहा है। किसानों को प्रोत्साहित किया जा रहा है कि ग्रीष्मकालीन मूंग जो प्राकृतिक रूप से पकता है, उसमें कीटनाशक एवं खरपतवार नाशक का उपयोग न के बराबर किया जाये।

डॉ. तोमर ने कहा कि आज यदि डॉ. स्वामीनाथन जीवित होते तो वे इस बात से सहमत होते कि हरित क्रांति ने देश को बहुत कुछ दिया। आज खेती में रासायनिक उर्वरकों, कीटनाशकों और अन्य पौध संरक्षण रसायनों के उपयोग की होड़ लगी हुई है। इससे मृदा जीव को नुकसान और जल निकाय स्त्रोत ने प्रदूषण की संभावना बढ़ गई है।

# बका लेकर घूम रहे युवक को गिरफ्तार कर भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



बका लेकर घूम रहे एक युवक को बिलहरी चौकी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। चौकी प्रभारी सुयश पांडेय ने बताया कि पुलिस कप्तान अभिजीत कुमार रंजन द्वारा क्षेत्र में अमन शांति कायम रखते हुए असामाजिक तत्वों पर अंकुश लगाने प्रभावी कार्यवाही किए जाने निर्देशित किया गया है।

चौकी प्रभारी उप निरीक्षक सुयश पाण्डेय को दौरान ईलाका भ्रमण सूचना मिलने पर ग्राम घुघरा व करहिया रोड में मुखबिर के बताये स्थान पर दबिश दी जो आरोपी पवन मांझी पिता देवीदीन मांझी 19 साल निवासी ग्राम करहिया कला व सत्यभान मांझी पिता चौबे मांझी 30 साल निवासी ग्राम घुघरा थाना कुठला को घेराबंदी कर पकडा और आरोपीयो को धारदार बके के साथ गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया। उक्त आरोपियों ने पूछताछ में बाकल थाना क्षेत्र में चोरी करने की घटना की जानकारी दी है।

कार्यवाही में थाना प्रभारी कुठला निरीक्षक राजेंद्र मिश्रा,चौकी प्रभारी बिलहरी उप निरीक्षक सुयश पाण्डेय ,प्रधान आरक्षक भरत विश्वकर्मा, संतोष प्रजापति, व्यास गुप्ता ,आरक्षक सौरभ जैन,आरक्षक लव उपाध्याय, दिलकेश्वर, संदीप भलावी विकास कुमार की भूमिका रही।

**खबर संक्षेप**

### लोक अदालत में बिजली अनियमितताओं के प्रकरणों में मिलेगा समझौते का अवसर

**हरिभूमि न्यूज, पन्ना।** शनिवार को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में विद्युत उपभोक्ताओं को बिजली अनियमितताओं के प्रकरणों में समझौते का अवसर मिलेगा। इसमें आंकलित सिविल दायित्व की 10 लाख रूपए राशि तक के प्रकरणों के लिए 20 एवं 30 प्रतिशत तथा ब्याज राशि में शत-प्रतिशत छूट का प्रावधान किया गया है। कार्यपालन यंत्री अमितेश मिश्रा ने बताया कि 10 मई की लोक अदालत में जिले के सभी निम्नदाब विद्युत उपभोक्ताओं, जिनके विरूद्ध विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 की तहत विशेष न्यायालय पन्ना एवं पवई में लिटिगेशन स्तर पर प्रकरण लंबित है, उन्हें राशि का एकमुश्त भुगतान करने पर सिविल दायित्व की 10 लाख रूपए तक राशि वाले प्रकरणों में 20 प्रतिशत तथा ब्याज राशि में शत-प्रतिशत छूट प्राप्त होगी। इसका लाभ समस्त घरेलू, कृषि, 5 किलोवाट भार तक के गैर घरेलू तथा 10 अश्व शक्ति भार तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं को मिल सकेगा, जबकि न्यायालय से बाहर प्रिलिटिगेशन स्तर पर लंबित प्रकरणों में एकमुश्त राशि के भुगतान पर आकलित सिविल दायित्व की 10 लाख रूपए राशि तक के प्रकरणों में 30 प्रतिशत और ब्याज राशि में शत-प्रतिशत छूट प्राप्त होगी।

### धर्म की रक्षा और विधर्मियों का नाश करने जन्म लेते हैं भगवान- शास्त्री जी

**हरिभूमि न्यूज, पवई।** ग्राम छिर्रहा मे बल सिंह नत्थू सिंह परमार के निवास पर चल रही संगीतमय श्रीमद्भागवत के चौथे दिन भगवान श्रीकृष्ण जन्म की कथा का वर्णन करते हुए कथा व्यास पंडित सुरेन्द्र कुमार शास्त्री ने कथा के माध्यम से श्रोताओ को बताया कि जब भी इस धरती पर धर्म को क्षति पहुंचने वाले आताताई विधर्मी बढने लगते और भक्तो पर मुसीबत आती है भगवान किसी न किसी रूप मे जन्म लेते है एवं रक्षा करते है। महाराज जी ने बताया कि भगवान अपने भक्तों की हर पल सहायता के लिए तैयार रहते है व्यक्त के मन मे विश्वास होना चाहिए आस्था और विश्वास से फल की प्राप्ति होती है।

## बाघों की संख्या पर असमंजस

# टाइगर रिजर्व में 11 माह पहले कैमरे में कैद शावक नहीं लिए रिकॉर्ड में

### जनवरी 2025 में भी मिले शावकों के पगमार्क लेकिन विभाग की संख्या 19 पर ही अटकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा



प्रदेश के सबसे बड़े वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व में मौजूद बाघों की संख्या को लेकर असमंजय की स्थिति बनी हुई है। बाघों की संख्या को लेकर प्रबंधन की आंकड़ों की सुई लंबे समय से 19 पर अटकी हुई है, जबकि 11 माह पहले मई 2024 में एक बाघिन अपने 4 शावकों के साथ अलग-अलग जगह पर दो बार कैमरे में कैद हुई थी। इतना ही नहीं जनवरी 2025 में भी वन अमले को शावकों के पगमार्क मिले थे। इसके बाद भी इन शावकों को प्रबंधन ने अपने रिकॉर्ड में शामिल नहीं किया है। वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व प्रबंधन ने पिछले 16 माह से नए शावकों के जन्म को लेकर कोई अधिकृत पुष्टि नहीं की है। नवंबर 2023 में आखिरी बार 4 शावकों के जन्म की पुष्टि की थी। हैरानी की बात यह है कि टाइगर रिजर्व में विभाग जिन 19 बाघ-बाघिनों के मौजदू होने की बात कर रहा है। वह सभी वयस्क हैं और इनमें 12 से ज्यादा बाघिन शामिल हैं। इसके बाद भी पिछले डेढ़ साल से बाघों की संख्या में इजाफा न होना कई सवाल पैदा कर रहा है।

20 सितंबर 2023 के पहले तक वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व को नौरादेही अभयारण्य के नाम से जाना जाता था। यहां राष्ट्रीय बाघ संरक्षण परियोजना के तहत वर्ष 2018 में बाघ-बाघिन का पहला जोड़ा छोड़ा गया था, जिसमें 18 अप्रेल 2018 को कान्हा से ढाई साल की बाघिन राधा और 28 अप्रेल 2018 को बांधवगढ़ से 4 साल के बाघ किशन को लाया गया। करीब 11 माह बाद ही मई 2019 में राधा ने तीन शावकों को जन्म दिया। इसके बाद बाघिन राधा की बेटियों ने शावकों को जन्म दिया और शुरूआती पांच सालों में ही 2023 तक बाघों की संख्या 20 पर पहुंच गई थी।

#### 23 से ज्यादा हो चुकी है संख्या

टाइगर रिजर्व प्रबंधन भले ही बाघों की संख्या वर्तमान में 19 होना बता रहा है, लेकिन 2018 से लेकर अब तक बीते सात साल में अलग-अलग समय पर जो जानकारियां अपडेट हुई हैं उसके अनुसार मई 2024 में ही बाघों की संख्या 23 पर पहुंच चुकी थी। इसके अलावा यहां पर अलग-अलग समय में अन्य टाइगर रिजर्व से लाए बाघ-बाघिनों को भी छोड़ा गया है

#### फैक्ट फाइल

- 2018 में पहली बार बाघों का जोड़ा आया
- 2019 में पहली बार तीन शावक जन्मे
- 23 से ज्यादा हो चुकी है बाघों की संख्या
- 19 बाघ होने की जानकारी दे रहा विभाग
- 11 माह से नहीं की शावकों के जन्म की पुष्टि

#### अभी स्पष्ट नहीं है

टाइगर रिजर्व में मौजूद बाघ-बाघिनों की संख्या 19 है। इसमें चार वयस्क बाघ और अधिकांश बाघिन शामिल हैं। फिलहाल नए शावक नजर नहीं आए हैं। गर्मियों के दौरान बाघिन शावकों के साथ पानी की तलाश में निकलती है तो अप्रेल माह में शायद शावकों के साथ नजर आए।

**डॉ. एए अंसारी**
**उप संचालक, वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व**

# नेशनल लोक अदालत का आयोजन आज

### सहमति व सुलह से 23 खंडपीठें करेगी प्रकरणों का निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

म.प्र.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के आदेशानुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष पी.सी.गुप्ता, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दमोह के कुशल मार्गदर्शन में 10 मई 2025 दिन शनिवार को जिला मुख्यालय दमोह, तहसील हटा, पथरिया एवं तेंदूखेड़ा में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें न्यायालयों में लंबित राजीनामा योग्य दांडिक, सिविल, चैक अनादरण, वाहन दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा, वैवाहिक मामले, विद्युत से संबंधित प्रकरणों का आपसी सहमति एवं राजीनामा के आधार पर निराकरण किया जावेगा। साथ ही उक्त नेशनल लोक अदालत के माध्यम से बैंक ऋण वसूली, बी.एस.एन.एल., विद्युत एवं नगर पालिका से संबंधित प्रिं-लिटिगेशन प्रकरणों का भी निराकरण किया जावेगा। सिविल जज वरिष्ठ खंड/सचिव ज्ञानेन्द्र कुमार शुक्ला, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बताया गया कि उक्त नेशनल लोक अदालत में सफल आयोजन हेतु प्रधान जिला न्यायाधीश के द्वारा जिला मुख्यालय दमोह एवं तहसील हटा, पथरिया व तेंदूखेड़ा हेतु कुल 23 खण्डपीठों का गठन किया गया है, जो पक्षकारों को सुलह, समझाईश से प्रकरण का निराकरण कराये जाने का प्रयास करेगी। साथ ही आपने बताया कि नेशनल लोक अदालत हेतु नगरीय विकास विभाग, विद्युत विभाग, बैंकों एवं बी.एस.एन.एल. द्वारा वसूली से संबंधित प्रि-लिटिगेशन प्रकरणों में नियमानुसार छूट प्रदान की जा रही है,जो मात्र नेशनल लोक अदालत हेतु प्रदान की जावेगी। जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया, द्वारा समस्त पक्षकारों से अपील की गई है कि वे दिनांक 10 मई 2025 को आयोजित नेशनल लोक अदालत के माध्यम से अधिक से अधिक संख्या में प्रकरणों का निराकरण करावें तथा विद्युत विभाग, बैंक, बी.एस.एन.एल, नगरपालिका द्वारा दी जा रही छूट का लाभ प्राप्त करें।

# हिण्डोरिया में चल रही श्रीमद्भागवत कथा

हिण्डोरिया। वार्ड नंबर 03 में चक्की वालों के यहां चल रही श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन वृंदावन से पधारे कथा व्यास पंडित श्री सतीश चैतन्य जी महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन एवं गोवर्धन धारण का प्रसंग सुनाया।



श्री चैतन्य महराज ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की लीलाएं मानव जीवन के लिए प्रेरणा दायक है। बालकृष्ण प्रभु सभी का मन मोह लिया करते थे उनके नटखट स्वभाव के चलते यशोदा माता के पास हर रोज शिकायतें आती थी। माता उन्हें कहती थी कि तुम रोज माखन चुराकर खाते हो तो वह मुंह खोलकर दिखा दिया करते थे और कहते थे कि मैया मैने माखन नहीं खाया है। आगे पंडित श्री चैतन्य जी महाराज ने गोवर्धन पूजा की कथा का वर्णन करते हुए कहा कि इंद्र को अपनी सत्ता का घमंड हो गया था उसका गर्व मर्दन करने के लिए भगवान ने बृज में उनकी पूजा बंद करा दी। और गोवर्धन की पूजा शुरू कर दी। जिससे क्रोधित होकर इंद्र ने भारी बर्षा करा दी।इस प्रलय से बृजवासी को बचाने के लिए भगवान ने अपनी कनिष्ठा अंगुली पर गोवर्धन पर्वत को उठा लिया।सात दिनों के बाद इंद्र को अपनी भूल का अहसास हुआ और उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण से क्षमा याचना की। उक्त अवसर पर भगवान श्रीकृष्ण एवं गिरिराज की सुंदर झांकी भी सजाई गई। तथा भगवान का पूजन किया गया। कथा में यजमान श्रोता श्रीमती तारा बाई, सेवा निवृत्त शिक्षक अमान सिंह, किशोर सिंह,मगन सिंह, होशियार सिंह,पंचम सिंह, संतोष सिंह सहित अनेक श्रद्धालुओं ने भगवान की कथा का रसपान किया।

# विश्व रेडक्रॉस दिवस पर किया 15वां रक्तदान



**दमोह।** विश्व रेडक्रॉस दिवस के असवर पर वरिष्ठ पत्रकार अटल राजेंद्र जैन के साथ आधा दर्जन लोगों ने रक्तदान किया ओर सभी से रक्तदान करने की अपील की। राजेंद्र अटल ने आज 15 वीं बार रक्तदान करते हुए बताया कि इस समय भारत पाक युद्ध की आशंका है। ऐसे में हमारे जवानों को कभी भी रक्त की जरूरत पड़ सकती है। उनके साहस को सलाम करते हुए स्वप्रेरित होकर यह रक्त उन जरूरतमंद जवानों को इस घड़ी में काम आयेगा। इस लिए सभी लोग रक्तदान जरूर करे। इस अवसर पर रक्तदान करने पहुंची शिवानी ठाकुर ने बताया कि पहलगाम में हुई घटना में 26 लोगों को आतंकियों ने बे मौत मार दिया था। जिसके जवाब में भारतीय सेना ने मुंहतोड़ जवाब देते हुए पाकिस्तान के 9 आतंकी ठिकानों को ध्वस्त करने की कार्यवाही से देश को गौरवान्वित किया है। गौरव की बात यह है कि दो महिला अधिकारियों ने इस पूरी कार्यवाही को अंजाम दिया है। महिलाएं भी किसी भी स्थिति से निपटने में सक्षम है। इस लिए उन्होंने उनके सम्मान में रक्तदान कर अन्य महिलाओं से आवश्यकता पड़ने पर रक्तदान की अपील की है। रेड क्रॉस सोसाइटी के प्रदेश प्रतिनिधि कृष्ण कुमार परोहा सहित 7 रक्तदाताओं ने भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी के बैनरतले रक्तदान किया। इस दौरान महेंद्र जैन सोमखेड़ा महामाया रक्तदान समिति अध्यक्ष अखिलेश रजक, पत्रकार तनुज पाराशर, पत्रकार नरेन्द्र अहिरवार, शिवानी ठाकुर, जितेंद्र रोहित, भारत अहिरवार, सोनू अहिरवार, कृष्णा कहार सहित बड़ी संख्या में जिला अस्पताल स्टाफ एवं रक्तदाताओं की मौजूदगी रही।

# दुकानदारों का कब्जा, पैदल चलने भी जगह नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा



नगर के मुख्य बाजार, खकरिया मार्ग में रोजाना दिन में 5 से 6 बार सड़को पर जाम की स्थिति निर्मित होती है। और इस व्यवस्था के प्रति शासन प्रशासन के नुमाइंदे मूक दर्शक बने हुए है नगर के कुछ क्षेत्र ऐसे है जहां यह परेशानी कुछ ज्यादा ही है। इसके पीछे लोगों का तर्क है कि वाहनों की संख्या बढ़ गई है। दूसरे पहलू पर यदि गौर करें तो गलत तरीके से खड़े वाहन और अतिक्रमण के चलते भी जाम की स्थिति निर्मित होती है। सबसे बड़ी समस्या पार्किंग स्थल ना होना भी इसके लिए प्रमुख कारण बताया जा रहा है। नगर के सबसे व्यस्ततम खकरिया मार्ग पर हालात इतने बदतर है की दुकानदारों ने सड़क तक सामान रख लिया है, उस पर ग्राहक वाहन बेतरतीब खड़े करते हैं। जिससे यातायात बाधित होता है। जबलपुर दमोह मुख्य चौराहे से खगरिया मार्ग एवं थाने जाने वाली मार्ग पर जाने के लिए रास्ता है। साथ ही यहां प्रमुख दुकाने भी स्थित है। ठेलो और सड़क पर लगने वाली दुकानों से जाम आम बात हो गई है। यही हालात बसस्टैंड, तारादेही तिराहे में बनते है। नगर का दूसरा सबसे व्यस्त थाने मार्ग बार्बी यातायात बाधित रहता है इस क्षेत्र में भी पार्किंग स्थल ना होने से वाहन अवस्थित खड़े होते हैं और जाम लगते हैं। लोगों की मांग है कि इन क्षेत्रों के नजदीकी क्षेत्रों में सार्वजनिक पार्किंग स्थल बनाना चाहिए। भारतीय स्टेट बैंक मार्ग पर तो दो पहिया वाहन के निकलने की भी सुविधा नहीं है क्योंकि जो लोग बैंक में काम के लिए आते हैं वह अपना वाहन बैंक के सामने खड़ा कर देते हैं और बैंक का काम निपटाते हैं जिससे दूसरों को असुविधा होती है नगर के लोगों का कहना है कि पिछले कई दिनों से पुलिस, नगर परिषद एवं राजस्व के साथ मिलकर अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई करने एवं यातायात व्यवस्था सुधारने की बात तो कहती है पर होता जाता कुछ नहीं।

# 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ की हुई पूर्णाहुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा






अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान में शाखा देवरा जामशा में 6 से 9 मई तक आयोजित 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ की पूर्णाहुति यजमानों द्वारा दो पारियों में सम्पन्न हुई। जिसमें एक विद्यारंभ एवं 60 यजमान दम्पत्तियों के दीक्षा संस्कार सम्पन्न कराये गये। दीक्षा संस्कार सम्पन्न कराते हुए शांतिकुंज प्रतिनिधि प्रमोद बारचे ने बताया कि गुरुदेव ने सबको 1958 से गायत्री मंत्र देना शुरू किया। करोड़ों लोगों ने गायत्री मंत्र लिया और वर्तमान समय में करोड़ों लोग गायत्री मंत्र का जाप नियमित कर रहे हैं। दुनिया में 50 हजार गायत्री परिवार के छोटे बड़े केंद्र हैं सब में जाप होता है और लाखों लोग यज्ञ करते हैं । आज सारी दुनिया भारत के साथ खड़ी है आज जो भारत कहता है सारी दुनिया भारत की बात सुनती है। भारत हमारा महाशक्ति बनने जा रहा है दुनिया भारत से सीखने आ रही है। इनके पास ऐसा कौन सा ज्ञान है । यह साधना का ही परिणाम है साधना से शक्ति जागृत होती है। देवताओं को शक्ति मिलती है। जब देवत्व की शक्ति मजबूत होगी तब असुरता खत्म होगी । गायत्री साधना की महत्ता बताते हुए उन्होंने कहा जो भी साधना करें उसमें 15 मिनट गायत्री का जाप जोड़ना है मनुष्य शरीर में आकर आप ध्यान, पूजा नहीं करते अच्छे साहित्य का स्वाध्याय नहीं करते तो मनुष्य का जीवन मिला किस लिए है। भरतरी महाराज कहते हैं जिसने विद्या नहीं पाई जिसने तप और दान नहीं किया जिसने ज्ञान प्राप्त नहीं किया जिसने अपने शील की रक्षा नहीं की जिसने अपने जीवन में गुणों को नहीं बढ़ाया और धर्म का पालन नहीं किया ऐसा व्यक्ति मृत्यु लोक में भार के स्वरूप है। हमें अपने आपकी साधना करना है वाणी से विचार से व्यवहार से अपने को ठीक करना है। अपने आप को ठीक करना पड़ेगा और तीसरा क्या करना पड़ेगा आराधना सेवा के काम में अपने जीवन को लगाइए जिससे समाज का कुछ भला हो हम सब अच्छे विचार वाले बने।विचार एक बहुत बड़ी शक्ति होती है विचारों में यदि छल कपट हो,लोभ, लालच हो तो वह विचार व्यक्ति को कमजोर बनाते हैं। विचारों से ही वातावरण बनता है जैसे आप कोई मंदिर में जाएं तो वहां पर श्रद्धा बनती है और आप ऐसी जगह चले जाएं जहां जानवरों को मारा काटा जा रहा हो तो वहां का वातावरण अलग हो जाता है और किसी शमशान जाएं तो वहां आदमी डरने लग जाता है अलग-अलग जगह का अलग-अलग वातावरण होता है वातावरण को शुद्ध बनाना भी हमारी जिम्मेदारी है।

हवा पानी मिट्टी कैसी है यह पर्यावरण हवा अच्छी होगी तो हमारा शरीर स्वस्थ होगा अभी आप दिल्ली चले जाओ तो वहां पर व्यक्ति 20 सिगरेट के बराबर रोज धुंआ खींच लेता है नहीं चाहे तब भी । बड़े-बड़े शहरों में फैक्ट्रियां चल रही हैं वहां की हवा भी जहरीली बन जाती है, पानी भी अशुद्ध हो जाता है उसमें कोई केमिकल मिल जाए तो मिट्टी भी खराब हो जाती हो उसमें बहुत यूरिया रासायनिक खाद डाल दो तो जमीन भी खराब हो जाती है पर्यावरण का प्रदूषण दूर करने में गायत्री यज्ञ की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। एक होता है वातावरण का प्रदूषण वातावरण कैसे बनता है हमारे विचारों से जो भी विचार हम छोड़ते हैं वह खत्म नहीं होते नष्ट नहीं होते घूमते रहते इस धरती पर दो-दो विश्व युद्ध हुए जिसमें करोड़ों लोग मारे गए इस धरती में युद्ध चलते ही रहते हैं ,हजारों करोड़ जीव जंतु रोज मारे जा रहे हैं मनुष्य अपने खाने के लिए जीव जंतुओं को मार रहा है उससे वातावरण प्रदूषित हो जाता है वातावरण में गर्मी पैदा हो जाती है मनुष्य जरा जरा सी बात में लड़ने झगड़ने लगता है ,मरने मारने की बात करने लगता है इस तरह से आदमी बड़ा उद्विग्न रहता है हम अच्छी बातें सीखें लेकिन वातावरण को भी शुद्ध बनाएं। हमारे यहां यज्ञ की परंपरा है जितने भी पुराण उठाकर देखें उसमें आपको यज्ञ मिलेगा अमुक ऋषि ने अमुक यज्ञ किया यज्ञ हमारे घर-घर में होने वाली परंपरा है हम सबकी यह जिम्मेदारी है कि हम सब एक अच्छा वातावरण बनाएं ।

महायज्ञ के समापन पर कार्यक्रम में समयदान, श्रमदान, अंशदान करने वाले परिजन ग्रामवासियों क्षेत्रवासियों का शांतिकुंज प्रतिनिधियों द्वारा सम्मान किया गया। यज्ञ संयोजक नारायण सिंह पटेल ने सभी का आभार माना।

# मेहनत से मिली सफलता अब करना है सपना पूरा

### ऋषभ लोधी ने प्राप्त किया प्रथम स्थान

**तेंदूखेड़ा।** माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा आयोजन हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा परिणाम में तेन्दूखेड़ा नगर के उत्कृष्ट विद्यालय में कक्षा 12वीं में ऋषभ सिंह लोधी ने 82% अंक के साथ विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। ऋषभ सिंह लोधी शिक्षक दौलत सिंह लोधी के सुपुत्र हैं ऋषभ लोधी ने सभी विषयों में उन्होंने विशेष योग्यता हासिल की है। शिक्षक दौलत सिंह लोधी ने बताया कि मेरे सुपुत्र ने स्कूल के साथ घर में पढ़ाई पर पूरा समय दिया है बगैर कोचिंग के सफलता प्राप्त की है। छात्र ऋषभ ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता एवं गुरुजनों को दिया है शिक्षकों एवं शुभचिंतकों ने ऋषभ को शुभकामनाएं एवं बधाई दी है। कक्षा 12वीं का परिणाम परीक्षा परिणाम 55% रहा। वहीं कक्षा दसवीं में आरिफ खान ने 88% अंक के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया आरिफ खान को भी शिक्षकों व परिजनों और मित्रों ने शुभकामनाएं दी हैं।



### सचिव एवं रोजगार सहायक के विरूद्ध हुई कार्रवाई

**हरिभूमि न्यूज पन्ना।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उमराव सिंह मरावी ने जनपद पंचायत सीईओ अजयगढ़ के प्रतिवेदन पर ग्राम पंचायत सचिव एवं रोजगार सहायक के विरूद्ध कार्रवाई की है, जिसके तहत गत 6 मई को जपं सीईओ की जनपद स्तरीय समीक्षा बैठक के दौरान ग्राम पंचायत झिन्ना में पीएम आवास योजना के आवास प्लस अंतर्गत वर्ष 2024-25 में स्वीकृत कार्यों के विरूद्ध पूर्णता में न्यूनतम प्रगति, समग्र सीडिंग कार्य में लापरवाही सहित जल गंगा संवर्धन अभियान में लक्ष्य अनुरूप कम प्रगति पाए जाने पर सचिव चन्द्रशेखर यादव को निलंबित कर मुख्यालय जनपद पंचायत कार्यालय अजयगढ़ निर्धारित किया गया है। इस अवधि में इन्हें जीवन निर्वाह भत्ता मिलेगा। जिपं सीईओ ने निलंबन पश्चात तत्काल प्रभाव से ग्राम रोजगार सहायक को आगामी आदेश तक सचिवीय प्रभार सौंपा है। सचिव के विरूद्ध विभागीय जांच भी संस्थित की गई है। इसके लिए जपं सीईओ अजयगढ़ को जांचकर्ता एवं खण्ड पंचायत अधिकारी को प्रस्तुतकर्ता अधिकारी नियुक्त कर विभागीय जांच प्रतिवेदन एक माह के भीतर प्रेषित करने के निर्देश दिए गए हैं। सचिव द्वारा जनपद पंचायत सीईओ से दूरभाष पर अभद्र भाषा का प्रयोग कर धमकी भी दी गई थी।इसी तरह ग्राम पंचायत बहिरवारा के ग्राम रोजगार सहायक राजेश लोध को शासकीय कार्यों से पृथक रखकर मुख्यालय जनपद पंचायत कार्यालय अजयगढ़ निर्धारित किया गया है। साथ ही रोजगार सहायक के विरूद्ध विभिन्न आरोपों की विस्तृत जांच के लिए अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, सहायक यंत्री एवं अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी जनपद पंचायत अजयगढ़ की जांच समिति गठित की गई है। समिति द्वारा निर्धारित समयावधि में प्रतिवेदन में वर्णित आरोपों की विस्तृत जांच कर अभिलेख और साक्ष्य सहित जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाएगा। जांच अवधि में रोजगार सहायक को नियमानुसार निर्धारित मासिक पारिश्रमिक का 50 प्रतिशत पारिश्रमिक भुगतान मिलेगा। रोजगार सहायक राजेश लोध के विरूद्ध ग्रामवासियों, सरपंच व सचिव के माध्यम से अभद्र भाषा का प्रयोग एवं अभद्र व्यवहार की शिकायत प्राप्त हुई थी। इस संबंध में खण्ड पंचायत अधिकारी एवं अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा द्वारा जांच की गई। ग्राम पंचायत के निरीक्षण के दौरान रोजगार सहायक को नशे की हालत में पाया गया था।

# जिला पंचायत सीईओ ने खेत तालाब योजना के तहत समक्ष में कराया लेआउट

**हरिभूमि न्यूज पन्ना।** पहली बार 20 हितग्राहियों से हितग्राहियों से संवादकर खेत तालाबों का जिला पंचायत सीईओ ने अपने समक्ष कराया ले-आउट प्रधानमंत्री आवास योजना के समस्त हितग्राहियों की आदिवासी बाहुल्य ग्राम पंचायत रहुनिया में चौपाल आयोजित कर सौर्य ऊर्जा सोलर प्लांट लगाने के सबंध में की गई चर्चा जिससे विद्युत होने वाली असुविधा से ग्रामीणों को मिले मुक्ती जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उमराव सिंह मरावी जिनकी सोच जमीनी स्तर पर योजनाओ के क्रियान्वयन को लेकर अलग ही छाप छोड़ रही है। सायद पहली बार जिले में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने विगत दिवस अपने समक्ष खेत तालाब हितग्राहियों से सीधा संवाद करते हुए उनके खेतों में योजना का लाभ को ध्यान में रखकर ले-आउट अपने समक्ष कराया। निश्चित तौर पर यह अपने आप में एक अलग ही मिशाल है। जो पन्ना जनपद अंतर्गत आदिवासी बाहुल्य ग्राम पंचायत रहुनिया में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत उमराव सिंह मरावी ने भ्रमण करते हुए जहां उपस्थितजनों चर्चा की तथा खेत तालाब योजना के हितग्राही से संवाद कर ऐसे 20 हितग्राही के खेतों में खेत तालाब योजना के तहत स्वयं अपने समक्ष ले-आउट भी कराया। यहां ग्राम पंचायत में उपस्थित ग्रामीणजनों से इस तरह का जमीनी लाभ योजनाओं का मिलने को लेकर अलग ही दिशा देने को लेकर माना गया। इतना ही नहीं इसके अलावा ग्राम पंचायत रक्सेहा में पूर्व से निर्मित तालाब में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत साफ-सफाई कार्यक्रम मं सरपंच सचिव एवं ग्रामीणजनों के साथ सहभागिता निभाई। साथ ही सीईओ जिला पंचायत ने जमुनिहाई में प्राधानमंत्री आवास योजना के समस्त हितग्राहियों की चौपाल आयोजित कर सौर्य ऊर्जा सोलर प्लांट लगाने के संबंध में चर्चा की ताकि ग्रामीणों को जो बिजली की असुविधा जो आये दिन बनी रहती है उससे मुक्ती मिले। सौर्य ऊर्जा ग्राम के लाभों के बारे में भी बताया गया। जहां इस कार्यक्रम में ग्रामीणों की भागीदारी सौर्य ऊर्जा लगाने को लेकर उत्साह भी देखने को मिला। इस अवसर पर परियोजना अधिकारी संजय सिंह परिहार सहित जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आनंद शुक्ला, सहायक यंत्री प्रशांत नायक व अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी भगवत पटेल तथा उपयंत्री राकेश अरजरिया मौजूद रहे। इस तरह से जहां देखने में यह आया कि सीईओ जिला पंचायत उमराव सिंह मरावी जो जमीनी स्तर पर सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर आम जनता को लाभ दिलाने के लिए तत्पर है। वहीं किसी भी तरह का भ्रष्टाचार जो खासकर निर्माण कार्यों में ले-आउट से जन्म लेता था उस पर विराम लगाने के लिए यह महत्वपूर्ण दिशा मानी जा रही है जहां सीईओ जिला पंचायत ने अपने समक्ष ही हितग्राहियों के खेतों में खेत तालाब योजना के माध्यम से स्वीकृत तालाबों का ले-आउट कराया। यह कहीं न कहीं विभाग प्रमुख की जमीनी स्तर की बड़ी कार्यवाही हितग्राहियों को सीधा लाभ प्रदान करने तथा भ्रष्टाचार को विराम लगाने को लेकर माना जा रहा है। इस तरह से पारदर्शिता को ध्यान में रखकर पंचायतों में जो निर्माण कार्यों में भ्रष्टाचार की दिशा ले आउट के समय जहां स्वयं उपयत्री तक नहीं पहुंचते वहां सीईओ जिला पंचायत ने अपने समक्ष ले आउट कराये जो समूचे जिले के लिए दिशा दे रही है। इस तरह की पहल जिससे भ्रष्टाचार को रोकने के लिए अहम माना जा रहा है वहीं हितग्राहियों को सीधा लाभ प्रदान करने के लिए भी महत्वांकाक्षी योजना खेत तालाब के लिए लाभ की दिशा तय होकर कृषि के क्षेत्र में समृद्धता को लेकर जाना जायेगा।

## जागेश्वरनाथ धाम कॉरीडोर बनने से मंदिर क्षेत्र की भव्यता बढ़ेगी, पर्यटन के साथ रोजगार भी बढ़ेगा

# मुख्यमंत्री ने रखी श्री जागेश्वरनाथ लोक की आधारशिला



- बुंदेलखंड के किसानों की जिंदगी बदलेगी केन-बेतबा से कॉरिडोर की सौगात से क्षेत्रवासियों की बहुप्रतीक्षित मांग आज पूरी-पंचायत मंत्री
- पर्यटन का विकास भी होगा और स्थानीय युवाओं को रोजगार भी मिलेगा-संस्कृति राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह
- गांव-गांव तक किसानों के खेतों में पानी पहुंचाये जाने का काम प्रदेश सरकार द्वारा किया जा रहा है- लखन पटैल
- मेरी प्रबल भावना थी, कि बांदकपुर धाम मंदिर का समग्र विकास हो-विधायक
- बुंदेलखंड की पहचान खजुराहो से थी आज से 5 साल बाद बुंदेलखंड जागेश्वर नाथ धाम के नाम से जाना जायेगा-सांसद राहुल सिंह
- मुख्यमंत्री ने भगवान जागेश्वर नाथ जी का किया पूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

जिले के जागेश्वरनाथ मंदिर के नवनिमार्ण का हम संकल्प ले रहे है, आज भगवान जागेश्वरनाथ का अभिषेक देश की पवित्र नदियों के जल और पवित्र धार्मिक स्थलों की मिट्टी से शिवलिंग का पूजन हुआ है, जिनके माध्यम से हमारी पवित्रता के साथ हमारे आत्मीय भाव का भी जलाभिषेक हुआ है, जागेश्वरनाथ मंदिर में 100 करोड़ की लागत से बनने वाले कॉरिडोर से भगवान जागेश्वरनाथ मंदिर की भव्यता बढेगी। जागेश्वरनाथ मंदिर के कॉरिडोर बनने से मंदिर सहित क्षेत्र की भव्यता बढेगी और सांस्कृतिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा तथा स्थानीय लोगो को रोजगार मिलेगा। प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव जिले के सुप्रसिद्ध जागेश्ववरनाथ मंदिर में 10 करोड की लागत से बनने वाले प्रथम चरण के कॉरिडोर के भूमिपूजन समारोह को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा पाकिस्तान की घटना के बाद देश के सभी समुदायों ने जो संकल्प लिया वह सराहनीय है, जो हमारा दुश्मन है, वो सबका दुश्मन है। डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी जिनका यह संकल्प आज हमको महादेव के साथ दिखाई देता है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व आज बदलते दौर में दुनिया भी भारत के पराक्रम से प्रधानमंत्री को विश्व नेता मान रही है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा जागेश्वरनाथ और महाकाल मंदिर में कोई अंतर नही है, और मुझे लगता है, कि मै पहली बार यहाँ आया हूं लेकिन बार-बार आना पड़ेगा। मुख्यमंत्री ने किसानो से अपील करते हुए कहा 26 मई को नरसिंहपुर में तीन दिवसीय किसान मेले का आयोजन किया जा रहा है, आप इस किसान मेले में शामिल होकर खेती कि आधुनिक तकनीक सीखे। हमारी गौमाता खेत में किसान की परेशानी का कारण नही बनेगी मध्यप्रदेश में पशुधन के संरक्षण और संवर्धन के लिये निरंतर प्रयास किये जा रहे है।



### भगवान जागेश्वरनाथ का किया पूजन

प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बांदकपुर पहुंचते ही मंदिर में भगवान जागेश्वरनाथ का पूजन अर्चन किया और प्रदेश की समृद्धि की कामना की । उन्होंने माता पार्वती का आर्शीवाद लिया और मंदिर प्रांगण की रूपरेखा का जायजा लिया। इस अवसर पर मंदिर कमेटी ने मुख्यमंत्री जी का स्वागत और स्मृति चिन्ह भेंट किया।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा पवित्र नदियों के जल से भगवान जागेश्वर नाथ का अभिषेक किया और हमारा यह संकल्प पूरा हुआ। देश में स्थित नर्मदा, क्षिप्रा जैसी पवित्र जल राशियों जिनके माध्यम से हमारे लिए पवित्रता के साथ अंदर के आत्मीय भाव का भी जलाभिषेक हुआ है। सबको अपने साथ लेकर के सबके साथ चलने का सबका साथ सबका विकास प्रधानमंत्री श्रीमान नरेंद्र मोदी जी का जोरदार अभिनंदन करें।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बाबा विश्वनाथ की जय कारा करते हुये कहा जहां-जहां हमारे सनातन धर्म के सभी देवस्थान और अयोध्या में भगवान राम का मंदिर जगमगा रहा है, प्राचीन संस्कृति अयोध्या मथुरा है, जो हमको अपने जीवन के बाद सीधे मोक्ष से जोड़ती है, ऐसे प्रत्येक धाम को आनंद में और सरकार के साथ सनातन संस्कृति का मौका अगर कोई दे रहा है, तो हमारे प्रधानमंत्री के शासनकाल में दे रहे। जागेश्वर नाथ और महाकाल मंदिर में कोई अंतर नही लगा यहां पहली बार आया लेकिन अब बार-बार आना पड़ेगा। बुंदेलखंड के किसानों की जिंदगी केन- बेतबा से बदलेगी।





पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा प्रसिद्ध तीर्थ स्थल जागेश्वर धाम धार्मिक आस्था का केन्द्र है। कॉरिडोर की सौगात से क्षेत्रवासियों की बहुप्रतीक्षित मांग आज पूरी हुई है। लगभग 10 करोड़ की लागत से बनने वाले कॉरीडोर की नीव आज मुख्यमंत्री जी ने रखी है। उन्होंने प्रदेश एवं जिले के आम नागरिकों, श्रद्धालुओं को बधाई और शुभकामनायें दी।

संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक व धर्मस्य विभाग राज्य मंत्री धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी ने कहा जागेश्वरनाथ धाम बहुत ही दिव्य और भव्य बनेगा, यह कॉरिडोर रोजगार परख भी बनेगा, साथ ही कॉरीडोर से पर्यटन का विकास भी होगा और स्थानीय युवाओं को रोजगार भी मिलेगा। कॉरीडोर में दुकान, फूड कोर्ट, संस्कृत विद्यालय और 12 ज्योतिर्लिंगों की प्रतिकृति भी बनेगी। उन्होंने भारत माता की जयकारा लगाते हुए सेना का भी मनोबल बढ़ाया।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने की पुष्प वर्षा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पवित्र स्थलों से लाई गई मिट्टी से बनाये गये शिवलिंग का पूजन किया और दीप प्रज्वलन किया । इस अवसर पर उन्होंने नागरिकों पर पुष्प वर्षा कर सम्मान किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कार्यक्रम स्थल पर जिले के साधुसंतों का पुष्प वर्षा कर सम्मान कर आर्शीवाद लिया। उन्होंने मंचासीन भगवान शिव पार्वती स्वरूप के पात्रों का भी सम्मान कर आर्शीवाद लिया।



संस्कृति राज्य मंत्री श्री लोधी ने कहा देव श्री जागेश्वरनाथ लोक में संस्कृत विद्यालय और फूड कोर्ट भी बनाया जाएगा। इससे क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढेगे।

पशुपालन एवं डेयरी विकास राज्य मंत्री लखन पटेल ने कहा सहज और सरल स्वभाव के धनी हमारे मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से कुछ मांगने की आवश्यकता नहीं पड़ती, बिना मांगे ही डॉ. यादव इच्छा पूरी कर देते हैं। उन्होंने देव श्री जागेश्वर धाम कॉरिडोर के लिए 100 करोड़ रुपए स्वीकृत करने के लिए मुख्यमंत्री का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कोपरा और सुनार जैसी नदियों पर सिंचाई परियोजना स्थापित कर दमोह जिले के गांव-गांव तक किसानों के खेतों में पानी पहुंचाये जाने का काम प्रदेश सरकार द्वारा किया जा रहा है।

दमोह सांसद राहुल सिंह लोधी ने कहा जागेश्वरनाथ लोक की देश के 13 वें ज्योतिर्लिंग के रूप में पहचान है। प्रथम चरण में लोक के लिए 10 करोड़ रुपए की लागत से आवश्यक कार्य शुरू होगा। दमोह में आमजनो के द्वारा लंबे समय से मांग की जा रही थी कि बांदकपुर में भव्य और दिव्य कॉरिडोर का निर्माण हो जिसका आज प्रथम चरण का भूमि पूजन मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव के द्वारा किया गया उन्होंने कहा कि अभी तक बुंदेलखंड की पहचान खजुराहो से थी आज से 5 साल बाद बुंदेलखंड जागेश्वर नाथ धाम के नाम से जाना जायेगा। बुंदेलखंड अब खजुराहो के साथ बांदकपुर धाम के नाम से भी जाना जाएगा।

पूर्व वित्त मंत्री एवं दमोह विधायक जयंत मलैया ने इस पावन धरा बांदकपुर में पधारे प्रदेश के यशस्वी एवं लोकप्रिय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी का स्वागत वंदन अभिनंदन करते हुये कहा जागेश्वरनाथ लोक का निर्माण सौभाग्य की बात है। श्री जागेश्वर नाथ लोक बनने से सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक विरासत भी मजबूत होगी। साथ ही रोजगार व व्यापार के नए अवसर का सृजन होगा। उन्होंने कहा हम सभी सौभाग्यशाली है कि, भगवान जागेश्वरनाथ के आशीर्वाद से आज बांदकपुर में श्री देव जागेश्वरनाथ लोक का भूमिपूजन हो रहा हैं। उन्होंने सर्वप्रथम मंच पर उपस्थित समस्त साधु-संतो, पुरोहितों को प्रणाम किया।

विधायक श्री मलैया ने कहा मेरी प्रबल भावना थी, कि बांदकपुर धाम मंदिर का समग्र विकास हो, इसलिये वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव के दौरान हमने अपने घोषणा-पत्र में श्री जागेश्वरनाथ धाम में भव्य कॉरिडोर बनाने का संकल्प लिया था। भाईयों/बहिनों हमने जब इस कार्य के लिये प्रयास शुरू किया था, तब मन में केवल यही भावना थी कि, बांदकपुर धाम को ऐसा स्वरूप दिया जाए जो शिव भक्तों की सुविधाओं को बढ़ाये और हमारी धार्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत को मजबूती भी दें। भाजपा जिलाध्यक्ष श्री श्याम शिवहरे ने जागेश्वर नाथ लोक के महाकाल लोक की तर्ज पर निर्माण की आशा व्यक्त की। साथ ही कहा कि अब हम विरासत से विकास की ओर अग्रसर होंगे।

### कॉरीडोर मॉडल का किया अवलोकन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश भर में पवित्र स्थलों पर बनाये गये कॉरीडोर की प्रदर्शनी का जायजा लिया कार्यक्रम स्थल पर बांदकपुर कॉरीडोर मॉडल का अवलोकन किया।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किया भूमिपूजन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने देवश्री जागेश्वर नाथ लोक के प्रथम चरण लगभग 10 करोड़ की लागत से होने वाले कार्यो का भूमिपूजन किया।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किया सम्मान

मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने बांदकपुर में भगवान जागेश्वरनाथ कॉरीडोर लोक के भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान ट्रेन हादसे में बांदकपुर चौकी प्रभारी द्वारा किये गये साहसिक कार्य के लिये सहायक इंस्पेक्टर राजेन्द्र मिश्रा, 100 डॉयल पायलेट यावर खान का स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रसिद्ध गायिका अभिलिप्सा पांडा का समृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया। कार्यक्रम का संचालन बृंदा प्रधान अजमेरा भोपाल, विपिन चौबे और डॉ. आलोक सोनवलकर दमोह ने किया।

इस अवसर पर प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास, श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, संस्कृति, पर्यटन, धर्मस्व एवं धार्मिक न्यास राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी, पशुपालन राज्यमंत्री लखन पटैल, सांसद राहुल सिंह, विधायक दमोह जयंत कुमार मलैया, विधायक हटा उमादेवी खटीक, जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटैल, म.प्र.पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष डॉ. रामकृष्ण कुसमरिया, पूर्व मंत्री दशरथ सिंह लोधी, पूर्व विधायक सोनाबाई, भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष प्रीतम सिंह लोधी, भाव सिंह लोधी (मासाब), कमिश्नर सागर डॉ. बीरेन्द्र कुमार रावत, डीआईजी पुलिस सुनील कुमार जैन, कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी सहित जनप्रतिनिधिगण श्रद्धालुजन, सम्मानीय मीडियाजन सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन मौजूद थे।

### श्री जागेश्वरनाथ धामः एक परिचय का हुआ विमोचन

**दमोह।** बांदकपुर के श्री जागेश्वरनाथ धाम मंदिर के परिचय एवं विशेष वार्षिक पर्व, प्राचीनता और इसके आस पास स्थित धार्मिक महत्व के स्थलों को प्रदर्शित करती टेबिल बुक श्री जागेश्वरनाथ धामःएक परिचय का विमोचन भी बांदकपुर तीर्थ स्थल पर प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के द्वारा देव श्री जागेश्वरनाथ धाम में कॉरिडोर भूमिपूजन समारोह कार्यक्रम के दौरान किया गया।

## 10 से 14 मई तक डॉक नीलामी बंद रहेगी

**दमोह।** जिले के समस्त कृषक, व्यापारी एवं हम्माल-तुलावटी भाईयों को कृषि उपज मंडी समिति सचिव ने सूचित किया है, कि 10 मई से 12 तक शासकीय अवकाश होने एवं 13 मई से 14 मई तक मंडी प्रांगण में मुख्यमंत्री कन्या विवाह कार्यक्रम का आयोजन होने के कारण डाक नीलामी कार्य नही किया जायेगा। कृषक बंधु इन तिथियों को अपनी कृषि उपज मंडी प्रांगण में विक्रय हेतु न लायें । उन्होंने किसानों को होने वाली असुविधा के लिये खेद व्यक्त किया है। उन्होंने कहा 15 मई 2025 से पूर्व की भॉति मंडी प्रांगण में डाक नीलामी का कार्य संपादित किया जावेगा।

## प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिण्डोरिया

प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शिविर आयोजित कर गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्ण जांच की गई इसमें गर्भवती महिलाओं की जरूरी चिकित्सीय जांच के साथ साथ जरूरी दवा ब परामर्श निःशुल्क उपलब्ध कराया गया इसके बाद जांच की गई जिसमें महिलाओं की उच्च रक्त चाप वजन खून एचआईवी की जांच चिकित्सक व स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा की गई । शिविर में 38 महिलाओं की जांच की गई जिसमें 24 हाई रिस्क निकली ।डॉ ज्योति दुबे ने बताया की इस दौरान गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्ण जांच करते हुए उनके और होने वाले बच्चों के स्वास्थ्य का जानकारी लेने के साथ-साथ गर्भवती महिलाओं को हर तरह की स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। प्रसव पूर्ण जांच का उद्देश्य मात्र शिशु मृत्यु दर में कमी लाना है। हालांकि सुरक्षित प्रसव के लिहाज प्रसव पूर्ण जांच करना बेहद जरूरी है क्योंकि यह है जच्चा बच्चा दोनों के सेहत को सुरक्षित सुनिश्चित करता है। डॉ अनुराग दत्ता ने बताया कि केंद्र में 9एवं 25 तारीख को हर महीने प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षित शिविर लगाया जाता है। जिसमें गर्भवती महिलाओं की जांच कर उन्हें चिकित्सा सहायता प्रदान की जाती है नियमित जांच से सुरक्षित प्रसव की संभावना बढ़ती है यह जांच मां और बच्चे के जीवन की सुरक्षा में अहम भूमिका निभाती है। हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं को समय पर टीकाकरण पोष्टिक आहार के बारे में विशेष सलाह दी गई । उक्त अवसर पर समस्त स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।



## बुजुर्ग व्यापारी के साथ धोखाधड़ी मामले में पुलिस ने 15 दिन बाद भी रिपोर्ट नहीं लिखी

**दमोह।** कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत करीब 15 दिन पूर्व एक बुजुर्ग व्यापारी की दुकान पर पहुंचे दो अज्ञात युवको के द्वारा बातों में उलझा कर सोने की चेन ले जाने का घटनाक्रम सामने आया था। जिसकी सूचना दुकानदार द्वारा तुरंत कोतवाली पुलिस को दिए जाने, कोतवाली पुलिस के एक सिपाही द्वारा बयान लिए जाने तथा घटनाक्रम से सीएसपी को अवगत कराए जाने के बावजूद आज तक मामले में रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई है। जबकि रिपोर्ट दर्ज करने के लिए व्यापारी द्वारा कई बार कोतवाली के चक्कर लगाए जा चुके हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार जैन धर्मशाला धगट चौराहा मार्ग पर बुजुर्ग व्यापारी देवेंद्र जैन लाट साब की कपड़ा किराना फैंसी स्टोर की संयुक्त रूप से छोटी सी दुकान संचालित है। 23 अप्रैल को दोपहर में दो युवक इनकी दुकान पर रुमाल नारियल आदि लेने के लिए पहुंचे थे। इस दौरान उनके द्वारा दान देने के लिए इनसे मंदिर का पता पूछा गया। इस दौरान बातो में उलझाकर एक बदमाश ने देवेंद्र लाट साहब से गले में पहनी सोने की चेन को दान के लिए दिए गए नोटों में लपेटकर दुकान के काउंटर के अंदर रखवा दिया। इसी दौरान इनकी एक अन्य साथी ने पहुंचकर बातों में उलझा कर सोने की चैन सहित रुपयों को पार कर दिया तथा चलते बने। बाद में देवेंद्र लाट साब को जब अपने साथ धोखाधड़ी होने का एहसास हुआ तो उन्होंने इसकी जानकारी अपने बेटे को दी तथा दुकान के सामने लगे सीसीटीवी को चेक किया तो दो बाइकों से आए तीन युवक रेकी करके दुकान से आते जाते तथा बाद में धगट चौराहे तरफ जाते नजर आए। इस घटना की जानकारी कोतवाली पहुंचकर उसी दिन 23 अप्रैल को दिए जाने पर कोतवाली से सिपाही सियाराम इनकी दुकान पर पहुंचा तथा पूरी जानकारी लेकर उनके बयान भी दर्ज किए गए। लेकिन दो दिन बाद भी रिपोर्ट दर्ज नहीं होने पर 25 अप्रैल को मामले की जानकारी सीएसपी अभिषेक तिवारी को भी दी गई। इनके द्वारा भी एक सिपाही को दुकान पर भेज कर जानकारी प्राप्त की गई। इसके बाद भी रिपोर्ट नहीं होने पर 27 अप्रैल को देवेंद्र लाट साब पुनः कोतवाली पहुंचे। जहां 2 घंटे तक इंतजार करने के बाद भी इनकी रिपोर्ट को दर्ज नहीं किया गया। उल्टे इन से कहा गया कि रिपोर्ट दर्ज करने से क्या होता है जब कोई पकड़ा जाएगा तो आपको पहचान करने के लिए बुला लेंगे। एसपी द्वारा कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत पथरिया फाटक के उस पार 17 अप्रैल को हुई चोरी मामले में पारदी गिरोह के दो सदस्यों के पकड़े जाने व उनसे सोने चांदी के जेवर बरामद किए जाने के घटनाक्रम का खुलासा किया गया। जिसकी जानकारी लगने पर शाम को देवेंद्र लाट साब पुनः कोतवाली पहुंचे। जहां उनके द्वारा उपरोक्त चोर गिरोह के उनके साथ हुई धोखाधड़ी मामले में संबंध होने की आशंका जताई गई। लेकिन पुलिस द्वारा इन आरोपियों का उक्त घटना से कोई संबंध नहीं होने की बात कही गई। वही आज भी इनकी रिपोर्ट को दर्ज नहीं किया गया। इसके बाद वह निराश वापस अपनी दुकान पर आकर व्यवस्था को कोसते हुए नजर आए।

## पथरिया फाटक के उस पार जेवरात चोरी करने वाला पारदी गिरोह पकड़ा गया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

सिटी कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत पथरिया फाटक ओवर ब्रिज के उस पार एक घर में घुसकर सोने चांदी के जेबरातों पर हाथ साफ करने वाले गिरोद का पता लगाकर पुलिस ने उनके पास से चोरी किए गए गहने बरामद करने में सफलता हासिल की है। पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में एसपी श्रुत कीर्ति सोमवंशी ने बताया कि प्रार्थी राजकुमारी जैन निवासी हटा नाका ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि लाखों के सोने-चांदी के जेवरात व नगदी अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया था जिस पर कोतवाली पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज में नजर आ रहे संदिग्ध आरोपियों का साइबर सेल की मदद से पता लगाकर जब पूंछतांछ की तो उन्होंने वारदात करना कबूल कर लिया। कोतवाली पुलिस ने दो आरोपी रघुवीर पारदी और जीतू पारदी निवासी झारिया विदिशा को गिरफ्तार कर एक चैन, दो अंगूठी, दो जोड़ी झुमकी, 3 मंगलसूत्र,10 मोती, चार हाथ की चूड़ी, कीमती करीब 9 लाख, एक हाफ करधन, सात जोड़ी पायल, 21 जोड़ी बिछड़ी, तीन सिक्के कीमती करीब 7 लाख के जेबरात जब्त किए है। बारदात में प्रयुक्त दो बाईक, आरोपियों के मोबाइल तथा 4000 रूपये नगदी के साथ कुल जब्त मसरूका 11 लाख 4 हजार रुपए का बताया गया है।आरोपियों की पतासाजी ने कोतवाली टीआई मनीष कुमार के नेतृत्व में एएसआई साहब सिंह, प्रधान आरक्षक अजित दुबे,आरक्षक आकाश पाठक, नरेंद्र पटेरिया, मनोज पांडे, राजेंद्र, विमला, आरती, साइबर सेल सौरभ टंडन,राकेश अठया, मयंक दुबे, रोहित, सीसीटीवी कंट्रोल रूम से महिला आरक्षक रितिका सहित पुलिस के विशेष योगदान रहा।